हिन्दी मासिक | अंक : 2 | वर्ष : 13 | मई 2025 | ₹5/-

अक्षय किरण

भारत की प्रचंड विजय : ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवाद पर करारा प्रहार

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने "ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान भारत की सामरिक शक्ति और आतंकवाद के विरुद्ध उसकी अडिग नीति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केवल 200 से अधिक आतंकवादियों के संहार तक सीमित नहीं है, बल्कि पाकिस्तान की वायु सुरक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर भारत ने उसके सैन्य तंत्र को भी गहरी चोट पहुंचाई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत अब पाकिस्तान से केवल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK) और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बात करेगा, अन्य किसी विषय पर वार्ता का कोई औचित्य नहीं है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि पूरा विश्व भारतीय सेना की रणनीतिक क्षमता और निर्णायक नेतृत्व को सलाम कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि और प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है।

परमाणु हमले की धमकियों पर तीखा प्रहार करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता। यह नया भारत है, जो आतंकवादियों के साथ–साथ उन्हें पनाह और समर्थन देने वालों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही करने में संकोच नहीं करेगा।

उन्होंने बताया कि एक ओर सीमाओं पर पाकिस्तान को सबक सिखाया जा रहा है, वहीं देश के अंदर माओवादी आतंकवादियों के विरुद्ध अब तक का सबसे बड़ा अभियान भी सफलता से चलाया जा रहा है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भारतीय सेना की वीरता, केंद्र सरकार की निर्णायक सोच और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से आज भारत एक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विश्वपटल पर उभरा है।

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

NABH HOSPITAL | NABH LABORATORY | NABH BLOOD BANK | NABH EMERGENCY

लाखों लोगों के विश्वास के साथ

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर

हमेशा तैयार आपके स्वास्थ की सम्पूर्ण देखभाल के लिए।

सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल जहां एक छत के नीचे उपलब्ध है विश्वस्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं

जनरल मेडिसिन | जनरल सर्जरी | नवजात शिशु एवं बाल रोग | नेत्र रोग | स्त्री एवं प्रसूति रोग | चर्म एवं गुप्त रोग
कान, नाक एवं गला रोग | अस्थि रोग | मानसिक रोग | दन्त रोग | रेडियोलोजी | लेबोरेट्री

कैंसर रोग | हृदय रोग | हृदय शल्य चिकित्सा | जोड़ प्रत्यारोपण | मूत्र एवं गुर्दा रोग | श्वास रोग (चेस्ट एवं टी.बी.) एवं पल्मोनरी मेडिसिन
फर्टिलिटी एण्ड IVF सेन्टर | किडनी प्रत्यारोपण | किडनी रोग | पेट, आंत व लिवर रोग (गेस्ट्रोएंटेरोलोजी) | न्यूरोलोजी | न्यूरोसर्जरी
न्यूरो व वेसक्यूलर इन्टरवेंशनल रेडियोलोजी | जी.आई. सर्जरी | हेमेटोलोजी | रूमेटोलोजी | न्यूक्लियर मेडिसिन | एंडोक्राइनोलोजी
बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी | नवजात शिशु रोग | गहन चिकित्सा ईकाई (ICU)

ब्लड सेन्टर | 196–बेडेड आई.सी.यू. | 21 ऑपरेशन थिएटर | 250+ सीनियर डॉक्टर्स की टीम | 1420 बेड्स की सुविधा

हार्ट एण्ड किडनी ट्रांसप्लांट सेन्टर

ADVANCED TECHNOLOGIES FOR PRECISION IN TREATMENT BY EXPERTS

राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)

- भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS)
- उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR)
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)
- सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत
- अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों से अनुबंधित

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, उदयपुर
नेशनल हाईवे–8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास
0294–2500044
www.geetanjalihospital.co.in

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना : आर्थिक सशक्तिकरण की क्रांति

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना ने लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय सहायता देकर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती दी है।

यह योजना छोटे व्यवसायों, युवाओं और पहली पीढ़ी के उद्यमियों को स्वरोजगार व उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित कर रही है। विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को आर्थिक आधार, आत्मविश्वास और बड़े सपने देखने का हौसला मिला है।

मुद्रा योजना के तहत करोड़ों लोगों ने सहायता लेकर सैलून, मोबाइल रिपेयर, चाय दुकान और अन्य छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

यह योजना भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके माइक्रो उद्यमों को सशक्त बनाते हुए शहरी व ग्रामीण रोजगार सृजन और समग्र आर्थिक विकास को गति दे रही है।

अहमदाबाद अधिवेशन में कांग्रेस ने दोहराई तुष्टिकरण की नीति

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन को देश की एकता, विकास और सामाजिक समरसता के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर जिहादी तुष्टिकरण की नीति पर अडिग रहकर यह सिद्ध कर दिया है कि वह सत्य और समभाव के मार्ग से भटक चुकी है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि अधिवेशन में कांग्रेस नेताओं ने तुष्टिकरण, राष्ट्रवाद विरोध और विकास विरोधी सोच को बढ़ावा दिया। यह उन नागरिकों के साथ विश्वासघात है, जो सुरक्षा और समान अवसर की अपेक्षा रखते हैं।

उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेता द्वारा दलित समुदाय पर दिए अमर्यादित बयान कांग्रेस दलितों में उलझ गई की निंदा करते हुए कहा कि करोड़ों दलितों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। कांग्रेस के लिए दलित और पिछड़े सिर्फ वोट बैंक हैं।

दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस को दिशाहीन नेतृत्व और वैचारिक दिवालियापन का प्रतीक बताते हुए कहा कि अब वह केवल विभाजनकारी राजनीति में अपना भविष्य देख रही है।

राजसमंद जिला स्थापना दिवस पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी की शुभकामनाएँ

राजसमंद जिले के 32वें स्थापना दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने जिले के संस्थापक महाराणा राजसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि 10 अप्रैल 1991 को स्थापित यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत (कुंभलगढ़ दुर्ग, राजसमंद झील) और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और पर्यटन क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है।

जिले को प्रदेश का अग्रणी जिला बनाने का संकल्प दोहराते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नागरिकों से विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि राजसमंद आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नई ऊँचाइयाँ छुएगा।

शहीदों का अपमान और तुष्टिकरण की राजनीति – कांग्रेस का असली चेहरा उजागर

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस नेता रॉबर्ट वाड्रा के बयान को देशद्रोह के समान बताया है। उन्होंने कहा कि जब देश शोक में है, तब इस प्रकार का तुष्टिकरण पूर्णतः निंदनीय है और यह शहीदों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर संवेदनशील मुद्दों पर भी वोटबैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह सोच कांग्रेस परितंत्र की राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाती है, जो सत्ता और स्वार्थ से प्रेरित है। उन्होंने केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों के आतंकवाद के विरुद्ध प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देशविरोधी ताकतों को कठोर जवाब देना अब समय की आवश्यकता है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आतंकी हमले के शोक में सादगी और सेवा से मनाया जन्मदिवस

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों के बलिदान से आहत राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अपना जन्मदिवस सादगी और सेवा भाव से मनाया। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर शांति व सुरक्षा की प्रार्थना की और समाजसेवा में भाग लिया।

सुबह उन्होंने इंदिरा कॉलोनी के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ समय बिताया, शिक्षा और पोषण पर जागरूकता फैलाई। पहलगाम के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का आह्वान किया।

कांकरोली की द्वारकेश गौशाला में गौ सेवा कर गायों को चारा खिलाया और संरक्षण का संकल्प लिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने वातावरण को श्रद्धामय बनाया। इसके बाद, प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन कर देश में शांति और आतंकवाद उन्मूलन की प्रार्थना की। ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का पूजन कर मानवता की कुशलता मांगी।

विधायक जन संवाद कार्यालय में नागरिकों और कार्यकर्ताओं से भेंट कर राष्ट्रीय अखंडता पर जोर दिया। गढ़बोर के चारभुजा जी मंदिर में दर्शन कर जनता के स्नेह का आभार जताया और जनसेवा का संकल्प दोहराया।

दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, दुख की घड़ी में शांति, एकता और राष्ट्रप्रेम के साथ आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

डबोक विमान पत्तन पर गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आत्मीय स्वागत

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने उदयपुर के डबोक विमान पत्तन पर गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय स्वागत किया। आबू रोड के राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम के बाद उन्होंने दोनों नेताओं से भेंट कर आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। दीप्ति ने कहा, हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि देश और प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से सीधे संवाद एवं मार्गदर्शन का अवसर मिला। उनके विचार, नीतियाँ और संकल्प हमें जनसेवा के पथ पर और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।ष स्वागत में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिन्होंने नेतृत्व के प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त किया।

"नरेंद्र है तो निश्चित है" : प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सशक्त और निर्णायक है भारत की सुरक्षा नीति

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि "पहलगाम पर भारत का स्पष्ट संदेश है छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं।" यह भारत की बदलती रणनीतिक सोच और सशक्त नेतृत्व का प्रमाण है, जिसमें आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता की नीति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा, "भारत की आत्मा पर हमला करने वालों को कड़ी सज़ा मिलेगी।" उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब न केवल आतंकवाद का सामना करने में सक्षम है, बल्कि उसे उसकी जड़ों से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पबद्ध भी है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए लक्षित प्रक्षेपास्त्र प्रहार से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। यह कार्रवाई भारत की सैन्य तैयारी, रणनीतिक क्षमता और साहसी नेतृत्व का परिचायक है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि "संपूर्ण देश को भारतीय सेना के पराक्रम पर गर्व है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व पर अटूट विश्वास है।" उन्होंने यह भी जोड़ते हुए कहा कि "नरेंद्र है तो निश्चित है" यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी है।

जल संरक्षण हेतु भजन सरकार संकल्पित व प्रतिबद्ध हैं।

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर आमजन से संवाद करते हुए कहा कि जल संरक्षण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार जल आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। विधायक माहेश्वरी ने नागरिकों से पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया तथा ग्रीष्मकाल को देखते हुए पशु–पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुएं, बावड़ियां, तालाबों के पुनरुद्धार पर विशेष ध्यान दे रही है। राम जलसेतु लिंक परियोजना, देवास योजना और माही बांध से जुड़ी परियोजनाएं प्रदेश में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर हैं।

जन भागीदारी से चल रहे जल संचय अभियान के अंतर्गत 40 हजार गांवों में कार्य हो रहा है। विधायक ने कहा कि हमें वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को आंदोलन का रूप देना होगा।

नवरात्रि में नारी सम्मान का संकल्प लें

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने चौत्र नवरात्रि के अवसर पर मेवाड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ आसावरा माता के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर महिला चाहे माँ, बहन या बेटी को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कराना हमारी जिम्मेदारी है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि हमें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर उनके लिए आवाज उठानी चाहिए। घर हो या बाहर, महिलाओं के साथ बराबरी से कार्य करना चाहिए। नवरात्रि मातृशक्ति की आराधना का पर्व है, जो नारी के स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण कराता है। उन्होंने मेवाड़ की वीरांगनाओं को भी नमन किया, जिनकी प्रेरणा आज भी समाज को दिशा देती है।

इससे पूर्व वे चित्तौड़गढ़ के चामटीखेड़ा में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन एवं नववर्ष मिलन समारोह में शामिल हुईं तथा साँवरिया सेठ मंदिर जाकर जनकल्याण की प्रार्थना की। मंदिर मंडल व कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की नारी समर्पण, त्याग, तपस्या एवं बलिकदान की प्रतिमुर्ति है।

कमल का चिन्ह विश्वास और उम्मीद का प्रतीक

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। 1980 में स्थापित पार्टी आज 15 राज्यों में सरकार चला रही है और एनडीए गठबंधन 21 राज्यों में सत्ता में है।

उन्होंने कहा कि पार्टी की सफलता का आधार संगठनात्मक मजबूती, जमीनी कार्य और कार्यकर्ताओं का समर्पण है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिली शानदार जीत ने यह सिद्ध किया है कि जनता भाजपा की नीति, नीयत और शासन व्यवस्था में विश्वास रखती है।

दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि पार्टी की जड़ें जनसंघ से जुड़ी हैं, और अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी जैसे नेताओं ने इसे मजबूत किया। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने नया इतिहास रचा और कमल का चिन्ह देशवासियों के लिए आशा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने महावीर जन्मोत्सव में लिया भाग, अहिंसा व समरसता का दिया संदेश

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कांकरोली में महावीर मंच द्वारा आयोजित 2624वें भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने साध्वी रचना श्री जी एवं साध्वी एवं श्री जी से दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन–दर्शन अहिंसा परमो धर्म और जिओ और जीने दो जैसे संदेशों के माध्यम से मानवता, सामाजिक समरसता और शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके सिद्धांत आज भी समाज निर्माण के लिए अत्यंत प्रेरणादायी हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को जन्म कल्याणक की शुभकामनाएं दीं और आयोजक समिति तथा समाजजनों द्वारा प्रदत्त सम्मान के लिए आभार जताया।

तहव्वुर राणा का प्रत्यार्पणरू मोदी सरकार की कूटनीतिक दृढ़ता की जीत

राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने 26/11 मुंबई हमले के मुख्य षडयंत्रकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यार्पण को मोदी सरकार की कूटनीतिक विजय बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत की वैश्विक साख और आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार की अडिग प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कांग्रेस नेताओं द्वारा इस उपलब्धि पर झूठा श्रेय लेने की कोशिश को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण और संकीर्ण मानसिकता का परिचायक बताया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमले की निष्पक्ष जांच नहीं करवाई और उल्टे इसे भगवा आतंकवाद से जोड़कर देश की छवि को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज भारत निर्णायक नेतृत्व के साथ आतंकवाद के खिलाफ सख्त दृष्टिकोण अपनाए हुए है और यह सफलता उसी का परिणाम है।

देश की सुरक्षा हेतु कांग्रेस-मुक्त भारत आवश्यक

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए उसकी राजनीति को घुसपैठ, तुष्टिकरण, वोटबैंक और दंगों पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि ये चार स्तंभ राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने के हथियार हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ और दुष्प्रचार से जनता को भ्रमित करती है। भ्रष्टाचार उनकी संस्कृति बन गई है। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति को मिटाना कांग्रेस का अंतिम लक्ष्य है।

देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक अखंडता के लिए कांग्रेस–मुक्त भारत का आह्वान करते हुए उन्होंने जनता से विकास और पारदर्शिता की नीतियों का समर्थन करने की अपील की।

आयुष्मान राजस्थान का सपना होगा साकार

स्वास्थ्य दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि भजनलाल सरकार आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बना रही है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार कर 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया है, जिससे करोड़ों परिवार लाभान्वित होंगे।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री–किट योजना' शुरू की है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होगा। साथ ही, नर्सिंग व पैरामेडिकल सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए रिक्त पदों की पारदर्शी भर्ती की जा रही है।

विधायक पेयजल समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं पर उठाई आवाज

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित उदयपुर, राजसमंद व सलूंबर जिलों की पेयजल व्यवस्था समीक्षा बैठक में सक्रिय भाग लिया। यह बैठक ग्रीष्मकाल में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

बैठक में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए त्वरित समाधान हेतु व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और विभागीय अधिकारियों को ग्रीष्मकालीन जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया, ताकि प्रत्येक गाँव, कस्बे और नगर क्षेत्र को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

खनन उद्योग की समस्याओं के समाधान हेतु विधायक दीप्ति माहेश्वरी की पहल

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजसमंद मिनरल संगठन के पदाधिकारियों के साथ विधायक संवाद कार्यालय पर बैठक कर खनन उद्योग से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं, पर्यावरणीय नियमों और नीतिगत अड़चनों से उत्पन्न कठिनाइयों की जानकारी दी, जिससे खनन गतिविधियां और श्रमिकों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आश्वस्त किया कि वे राज्य सरकार व प्रशासन स्तर पर पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि खनन उद्योग जिले की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और इसके स्थायी समाधान हेतु वे स्वयं सक्रिय भूमिका निभाएंगी। उद्योग व शासन के बीच संवाद बनाए रखने पर उन्होंने विशेष जोर दिया।

देश की सुरक्षा हेतु कांग्रेस-मुक्त भारत आवश्यक

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए उसकी राजनीति को घुसपैठ, तुष्टिकरण, वोटबैंक और दंगों पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि ये चार स्तंभ राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने के हथियार हैं।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ और दुष्प्रचार से जनता को भ्रमित करती है। भ्रष्टाचार उनकी संस्कृति बन गई है। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति को मिटाना कांग्रेस का अंतिम लक्ष्य है। देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक अखंडता के लिए कांग्रेस–मुक्त भारत का आह्वान करते हुए उन्होंने जनता से विकास और पारदर्शिता की नीतियों का समर्थन करने की अपील की।

डॉ. अम्बेडकर के जीवन से मिलती है राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता जैसे मूल्यों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और शिक्षा को अपना अस्त्र बनाकर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए। भारत के संविधान के रूप में उनका योगदान देश की सबसे बड़ी देन है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि जब हम संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष मना रहे हैं, तब बाबासाहेब के सिद्धांत और संघर्ष आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनका जीवन राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा है।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सेवा, समर्पण और सुरक्षा को किया नमन

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने समस्त पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, साहस और सेवा भाव को सराहते हुए इसे कानून व्यवस्था की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि सेवार्थ कटिबद्धता के ध्येय वाक्य को आत्मसात करते हुए पुलिस ने सदैव जनविश्वास बनाए रखा है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पुलिस परिवारों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने भाजपा सरकार की अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को प्रभावी बताते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिस को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने आशा जताई कि पुलिस बल भविष्य में भी जनहित में संवेदनशीलता व तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करता रहेगा।

कांग्रेस का भ्रष्टाचार के समर्थन में प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने नेशनल हेराल्ड घोटाले में आरोपियों के समर्थन में कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इसे कांग्रेस के शाही परिवार के भ्रष्टाचार को बचाने का देशविरोधी प्रयास बताया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति को 50 लाख रुपये में हथियाना गंभीर आर्थिक अपराध है, और इसमें गांधी परिवार की भूमिका सामने आ चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में चल रही कानूनी कार्रवाई न्यायालय की निगरानी में है, न कि सरकार की। नकली गांधी परिवार की लगभग हर पीढ़ी का नाम किसी न किसी बड़े घोटाले या भ्रष्टाचार से जुड़ा रहा है।

सड़क पर उतरकर कांग्रेस सच्चाई से भाग रही है और जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

भीषण गर्मी में कोई कण्ठ प्यासा ना रहे

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भीषण गर्मी में हर व्यक्ति तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी को भी पानी के लिए परेशान नहीं होना चाहिए।

विधायकदीप्ति माहेश्वरी ने अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने, पाइपलाइनों व हैंडपंपों की मरम्मत समय पर पूर्ण करने, टैंकरों से आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था तथा कंट्रोल रूम की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम की निगरानी प्रभावी ढंग से की जाए।

उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर बल देते हुए कहा कि हर घर तक जल पहुंचाना सरकार का संकल्प है। साथ ही, नलकूपों व ट्यूबवैलों को शीघ्र चालू करने तथा स्पेयर पंप–मोटर्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

राजसमंद की ऐतिहासिक बजट घोषणाओं पर नागरिकों व कार्यकर्ताओं ने विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी का किया भव्य स्वागत

राजस्थान सरकार द्वारा बजट सत्र में राजसमंद विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की ऐतिहासिक घोषणाओं से क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। इस उपलक्ष्य में स्थानीय नागरिकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में विधायक कार्यालय पर एकत्रित होकर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

बजट में राजसमंद के लिए खारी फीडर के सुदृढ़ीकरण, कृषि महाविद्यालय की स्थापना, निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय, आर.के. जिला चिकित्सालय में हृदय रोग इकाई, कमला नेहरू चिकित्सालय का उपनगरीय चिकित्सालय में उन्नयन, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, राजसमंद नगर में सीवरेज प्रणाली का उन्नयन, नगर की मुख्य सड़कों के दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स व सौंदर्यीकरण, मोही, बड़ारड़ा, कुंवारिया में जलापूर्ति योजना, नवीन जिला कारागार परिसर का निर्माण जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं।इस अवसर पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सभी नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "प्रदेश की भाजपा सरकार 'विकसित राजस्थान, विकसित भारत' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य राजसमंद को विकास की दौड़ में अग्रणी क्षेत्र बनाना है, और इसके लिए मैं पूर्ण निष्ठा के साथ कार्यरत हूं।" उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और संपूर्ण मंत्री परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये घोषणाएं राजसमंद के चहुंमुखी विकास को नई गति प्रदान करेंगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुभाष पालीवाल, हिम्मत मेहता, लक्ष्मण मौर्य, पर्वत सिंह आशिया, मोहन कुमावत (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), महेश चंद्र आचार्य, मांगीलाल कुमावत, जगदीश तेली (पूर्व सरपंच), किशनलाल तेली, बंशीलाल गुर्जर, युवा मोर्चा जिला मंत्री ललित खींची, रजनीकांत साहू, नरेंद्र चौधरी, शिशुपाल चौधरी, मीरा मंडल महामंत्री नानालाल कुमावत, उदयलाल भील सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

जनहित की बुलंद आवाज़ बनीं विधायक दीप्ति माहेश्वरी; हर मुद्दे पर मुखर, हर सवाल पर सजग

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अपनी प्रखर एवं सारगर्भित पहल से सदन में विशेष छाप छोड़ी। उन्होंने राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाकर अपनी दायित्वों का निर्वहन किया।

प्रश्नों के माध्यम से प्रशासन को दिया दायित्वबोध

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बजट सत्र में 40 तारांकित, 60 अतारांकित और 7 अल्प सूचना प्रश्न पूछकर 40 से अधिक राजकीय विभागों एवं उपक्रमों की गतिविधियों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रश्नों के जरिए उन्होंने घोषणाओं के क्रियान्वयन, योजनाओं की प्रगति और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत जानकारी मांगी।

क्षेत्रीय समस्याओं को उठाया सदन में

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सत्र के दौरान 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और विशेष उल्लेख प्रस्तावों द्वारा अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इन प्रस्तावों के माध्यम से उन्होंने सरकार से त्वरित कार्यवाही और नीतिगत समाधान की मांग की।

बजट एवं विधेयकों पर दिया सार्थक योगदान

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राजस्थान सरकार के बजट, विभागीय अनुदान मांगों और विधेयकों पर 9 से अधिक अवसरों पर अपनी स्पष्ट एवं संतुलित राय रखी। उनके तर्कपूर्ण विश्लेषण और योजनाबद्ध सुझावों ने सदन की चर्चाओं को गहनता प्रदान की।

अल्पसमय में बनाई विशेष पहचान

अल्प समय में ही विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी के साथ एक प्रभावी जनप्रतिनिधि की छवि बनाई है। प्रत्येक महत्वपूर्ण विधेयक पर उनकी स्पष्ट और तथ्य–आधारित टिप्पणियों ने उन्हें सदन में एक विशेष स्थान दिलाया है। उनकी वाकपटुता, विषयों की गहराई में जाकर प्रस्तुति तथा जनहित से जुड़ी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने की शैली ने उन्हें एक सजग, जागरूक और संवेदनशील जनप्रतिनिधि के रूप में स्थापित किया है।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा, "मेरा प्रयास है कि सरकार की नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे और प्रशासनिक ढांचा पारदर्शी बने। मैं सदन में अपने क्षेत्र की आवाज बुलंद करती रहूंगी।"

PMCH
HEALTH ADVISORS
H-2024-1409

निःशुल्क डिलीवरी

सामान्य एवं सिजेरियन
जाँच एवं दवाईयों सहित

निःशुल्क प्राईवेट रुम की सुविधा
(4 माह पूर्व पंजीकरण कराने पर)

रजिस्ट्रेशन अनिवार्य
9828144314

PACIFIC MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Bhilo Ka Bedla, NH-27, Pratap Pura, Amberi, Udaipur, Rajasthan-313011.

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027 प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर प्रकाशन दिनांक : 15.05.2025 प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

'राजसमंद का होगा एक आदर्श नगर के रूप में विकास'

राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजसमंद के सर्वांगीण विकास के लिए की गई ऐतिहासिक घोषणाओं पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं, जो राजसमंद को एक दक्ष एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित करने में सहायक होंगी।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा राजसमंद क्षेत्रवासियों की आशाओं एवं अपेक्षाओं का सम्मान करते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणा की गई है।

आर.के. जिला चिकित्सालय में हृदय रोग चिकित्सा इकाई की स्थापना एवं कमला नेहरू चिकित्सालय का उपनगरीय चिकित्सालय के रूप में क्रमोन्नयन से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ होगी। शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सीवरेज प्रणाली की परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा तथा मुख्य सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

राजसमंद में नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना से कृषि शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मोही, कुंवारिया एवं बड़ारडा में जलापूर्ति संवर्धन योजना के लिए 14 करोड़ की स्वीकृति जल संकट को दूर करने में सहायक होगी। शहर के बाहर जिला कारागार का निर्माण एवं निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय विद्यालय की स्थापना से सुरक्षा व शिक्षा क्षेत्र में नई संभावनाएँ साकार होंगी। ये सभी योजनाएँ राजसमंद को एक आधुनिक एवं दक्ष नगर के रूप में विकसित करेंगी।

इसके अतिरिक्त, विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि पूर्व में प्रस्तुत बजट में खारी फीडर के सुदृढ़ीकरणएवं क्षमता विस्तार की महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई थी। साथ ही, क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वीकृति भी दी गई थी, जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, "हमारा निरंतर प्रयास है कि राजसमंद एक दक्ष एवं अत्याधुनिक नगर के रूप में विकसित हो। भाजपा सरकार विकास और जनकल्याण के माध्यम से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।"

'सशक्त किसान, समृद्ध राजस्थान' दिवस पर किसानों को किया सम्मानित

राजस्थान दिवस महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत 'सशक्त किसान, समृद्ध राजस्थान' दिवस पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किसानों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के हित में सरकार द्वारा उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के सम्मान और समृद्धि के लिए पूरी निष्ठा एवं शक्ति के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में 20,000 से अधिक किसान उत्पादक समूह (FPO) बनाए जा चुके हैं, जो किसानों को कृषि उद्यमी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इन समूहों के माध्यम से किसानों को सामूहिक शक्ति का लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें बाजार में उचित मूल्य प्राप्त होगा और नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने की सुविधा मिलेगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) योजना है। राजस्थान सरकार ने इसमें अपना योगदान देते हुए किसान सम्मान निधि की राशि को 6,000 से बढ़ाकर 9,000 प्रति वर्ष कर दिया है, जिससे राज्य के 72 लाख किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार और राजस्थान सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन, मधुमक्खी पालन, प्रसंस्करण और भंडारण जैसी सहायक कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित कर रही है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि इन योजनाओं से किसानों को अतिरिक्त आय के साधन मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक सशक्त होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों ने सरकार की नीतियों पर संतोष व्यक्त करते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

अक्षय किरण

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94146 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी

वार्षिक शुल्क – 300/–
आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com